भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1713

जिसका उत्तर 13 फरवरी, 2023/24 माघ, 1944 (शक) को दिया गया

बैंक आफ बड़ौदा में कर्मचारी

1713. श्रीमती प्रतिमा मण्डल:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पांच वर्षों के दौरान बैंक आफ बड़ौदा में नियुक्त किए गए परिवीक्षाधीन अधिकारियों और लिपिकों की वर्ष-वार संख्या क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान बैंक आफ बड़ौदा में आईवीपीएसपीओ की भर्ती के माध्यम से परिवीक्षाधीन अधिकारियों की शून्य रिक्तियों के पीछे क्या कारण हैं;

(ग) गत पांच वर्षों से बैंक आफ बड़ौदा द्वारा अपने कर्मचारियों की भर्ती किस भाषा के माध्यम से की जा रही है; और

(घ) वर्तमान में बैंक आफ बड़ौदा में पद-वार कर्मचारियों की कुल संख्या क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत कराड)

(क) से (घ): बैंक बोर्ड द्वारा अभिशासित एक वाणिज्यिक संस्था है। बैंक द्वारा कार्मिकों की आवश्यकता का निर्धारण विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है, जिनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, व्यवसाय की आवश्यकता, कार्यकलापों का प्रसार, अधिवर्षिता और अन्य अनियोजित नौकरी छोड़ना शामिल हैं। बैंक ने यह सूचित किया है कि पूर्ववर्ती विजया बैंक और देना बैंक का दिनांक 1.4.2019 को बैंक ऑफ बड़ौदा में समामेलन के पश्चात् व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार बैंक ने अपने कार्यालयों और शाखाओं को युक्तिसंगत बनाया है। तदनुसार, बैंक द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति भी की गई है और यह आवश्यकताओं के आधार पर वर्ष-दर-वर्ष परिवर्तित होता रहता है।

बैंक ने यह भी सूचित किया है कि वे अपने कर्मचारियों की भर्ती इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन (आईबीपीएस) के माध्यम से बैंक के वेबसाइट पर खुला विज्ञापन (पार्श्विक भर्ती) देकर और अनुकंपा के आधार पर करते हैं। पिछले पांच वित्तीय वर्ष में बैंक ऑफ बडौदा द्वारा नियुक्त किए गए परिवीक्षाधीन अधिकारियों (पीओ) और लिपिकों की वर्ष-वार संख्या निम्नानुसार है:

संवर्ग/वर्ष	2022	2021	2020	2019	2018
पीओ	1	-	2	591	1612

लिपिक	100	40	1311	2567	2324
कुल	101	40	1313	3158	3936

(स्रोत) : बैंक ऑफ बडौदा

दिनांक 31.1.2023 के अनुसार कर्मचारियों की कुल संख्या निम्नानुसार है:

मुख्य महाप्रबंधक	14
महाप्रबंधक	67
उप महाप्रबंधक	195
सहायक महाप्रबंधक	615
मुख्य प्रबंधक	4119
वरिष्ठ प्रबंधक	7569
प्रबंधक	11720
अधिकारी	17601
कुल अधिकारी (क)	41900
लिपिक (ख)	26453
अधीनस्थ कर्मचारी (ग)	8420
कुल योग (क+ख+ग)	76773

(स्रोत) : बैंक ऑफ बडौदा

*****